पुस्तकालय

3218
18/4/12

सत्यमेव जयते

2 7 MAR 2012

असंशोधित

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

(भाग 1–कार्यवाही–प्रश्नोत्तर)

प्रतिवेदन शाखा
गै०स०प्रे०सं०...633...दिनांक 16/4/12

हमलोग जानते हैं कि बड़े-बड़े पंचायतों में भी पांच या छ: ही स्कूल हैं, पर वहां 13स्कूल हैं जबकि वहां छात्र-छात्राएं हैं ही नहीं । तो वहां का जो पोषाहार होता है, मिड-डे मील होता है, ये सारी चीजों का बन्दरबॉट होता है ।

जहां तक नियमित पढ़ाई की बात है...

अध्यक्ष : माननीय सदस्या मनोरमा जी, ..

श्रीमती मनोरमा प्रसाद: खुद भ्रमण की हूं सर । यह जो रिपोर्ट आया है वह सही नहीं है । हमें संतुष्टि नहीं दे रही है क्योंकि हम वहां पर जाकर हर चप्पे-चप्पे का निरीक्षण किए हैं, उसके बाद ही हम यह कोश्चयन तैयार किए हैं । वहां पर सारे स्कूल कागज पर हैं।

अध्यक्ष : माननीय सदस्या मनोरमा जी, माननीय मंत्री ने, आप बैठ जाइये, आप जिस आशय को रख रहे हैं, जो भावना व्यक्त कर रहे हैं अपने प्रश्न के माध्यम से, उसको उन्होंने स्वीकार किया है । और, विस्तृत इनके पास प्रतिवेदन तैयार है, इसको भी आप स्वयं देख लीजिएगा । माननीय मंत्री, उनको दे देंगे ।

श्रीमती मनोरमा प्रसाद: मैं जानती हूं । मैं यह भी जान रही हूं कि जो पदाधिकारी यहां से गए थे, वहां एक दिन पहले हल्ला हो गया कि आज जांच होगी । इसलिए सारे शिक्षकगण वहां उपस्थित हो गए हैं, और जो विद्यार्थी वहां पर लाए हैं, वह निकटवर्त्ती यू0पी0 के विद्यार्थी को ला कर रख देते हैं । यह हम अच्छी तरह से देखे हैं सर । पटना के भी जो पदाधिकारी गए वहां पर, वे भी एक दिन पहले गए, और वहां हल्ला हो गया कि आज जांच होगी, इसलिए वहां के सारे शिक्षक लोग समय पर पहुँच गए हैं । यह हमें मालुम है, हम जानते हैं । मेरे पास उसका जवाब भी है । पर हम यही चाहते हैं कि उसको सदन के माध्यम से समय लेकर पुन: उसको जांच कराया जाए और जो सही हो, उचित हो, वही कार्रवाई किया जाए । यह हमारा आपसे आग्रह है ।

अध्यक्ष : आपने जो भी पूरक प्रश्न रखा है उसको भी माननीय मंत्री घ्यान रखेंगे और उस पर कार्रवाई करेंगे ।

**तारांकित प्रश्न सं०: 2589 ( श्री सबा जफर )**

श्री प्रशांत कुमार शाही,मंत्री: महोदय, 1- उत्तर अस्वीकारात्मक है । वैसा प्रखंड में प्रखंड मुख्यालय से अलग ग्राम सिरसी में कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय संचालित है ।

2- अस्वीकारात्मक है । ग्राम सिरसी में संचालित कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में वैसा प्रखंड के सभी पंचायतों के छात्राओं का पठन-पाठन संचालित है ।

3- एक प्रखंड में एक ही कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय खोलने का प्रावधान है ।

श्री सबा जफर : अध्यक्ष महोदय, मेरा कहना है कि कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय मुख्यालय से काफी दूर है, इसलिए हमारी मांग है कि कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय मुख्यालय में दिया जाए । इसके लिए हमारी मांग है ।

हमारा मांग इसी का है कि वह काफी दूरी पर है और वह महानन्दा नदी के किनारे है । बंगाल से सटे हुए उसको खोल दिया गया है । मैं चाहूंगा माननीय मंत्री जी से कि मुख्यालय में कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय खोला जाए ताकि वहां के विद्यार्थियों को पठन-पाठन में कठिनाई न हो ।

अध्यक्ष : माननीय मंत्री ध्यान रखेंगे आपके इस बात को ।